## Part – I / भाग – I

## General Studies / सामान्य अध्ययन

1. Genetic disorder is
(a) Colour blindness (b) Polio
(c) Typhoid (d) Neurosis

2. The Headquarter of International Federation of Organic Farming Movement is situated in
(a) China (b) India
(c) Germany (d) Japan

3. Who gave the title of 'Nadr-e-Zaman' to Saint Siddhi Chandra Jain ?
(a) Humayun (b) Akbar
(c) Jahangir (d) Shahjahan

4. Which is the title of the Autobiography of Nobel Peace Prize laureate Shri Kailash Satyarthi ?
(a) Struggle Against Child Labour
(b) Diyasalai
(c) Agnipath
(d) Parivartan Ki Jyothi

5. Which of the following scripture mentions immortality, but not liberation ?
(a) Angutter Nikaya (b) Agam
(c) Rigveda (d) Upanishdas

6. Which of the following is the primary reason for loss of Biodiversity ?
(a) Extension of Agriculture
(b) Pollution
(c) Habitat destruction and fragmentation
(d) Introduction of Exotic species

7. Mahogany tree is mainly found in which one of the following vegetation region ?
(a) Tropical deciduous forest
(b) Mountain forest
(c) Tropical rain forest
(d) None of the above

8. Which city of U.P. was known as 'Nagar Mahodaya Shree' during the time of Harshavardhana ?
(a) Kannauj (b) Kashi
(c) Vatsa (d) Koshal

1. आनुवंशिक रोग है
(a) वर्णांधता (b) पोलियो
(c) टाईफाईड (d) न्यूरोसिस

2. जैविक कृषि आन्दोलनों का अन्तर्राष्ट्रीय महासंघ मुख्यालय स्थित है
(a) चीन (b) भारत
(c) जर्मनी (d) जापान

3. संत सिद्धि चंद्र जैन को किसने 'नादिरे-जमां' की उपाधि दी ?
(a) हुमायूँ (b) अकबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

4. नोबेल शांति पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथात्मक पुस्तक का शीर्षक क्या है ?
(a) बाल श्रम के विरुद्ध संघर्ष
(b) दियासलाई
(c) अग्निपथ
(d) परिवर्तन की ज्योति

5. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रंथ अमरता का उल्लेख करता है, मोक्ष का नहीं ?
(a) अंगुत्तर निकाय (b) आगम
(c) ऋग्वेद (d) उपनिषद

6. जैव विविधता के नुकसान का प्राथमिक कारण निम्न में से कौन है ?
(a) कृषि विस्तार
(b) प्रदूषण
(c) आवास का विनाश और विखंडन
(d) विदेशी प्रजातियों का आगमन

7. महोगनी वृक्ष निम्नलिखित में से कौन-सा एक वनस्पति वन प्रदेश में प्रमुखता से पाया जाता है ?
(a) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(b) पर्वतीय वन
(c) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. हर्षवर्धन के समय में उत्तर प्रदेश में किस नगर को 'नगर महोदय श्री' के नाम से जाना जाता था ?
(a) कनौज (b) काशी
(c) वत्स (d) कोशल

9. Which State is granted special status under Article 371A of the Constitution ?
(a) Manipur (b) Sikkim
(c) Nagaland (d) Assam

10. According to the 'World Happiness Report 2025', which of the following country is happiest in the world ?
(a) Finland (b) America
(c) Italy (d) New Zealand

11. In the primary capital market
(a) Funds are raised from the commercial banks
(b) Shares are sold and purchased
(c) Issue of capital to the public
(d) Funds are raised from the long-term financial institutions

12. Which musician was given the title of 'Bihari Bulbul' ?
(a) Baiju Bavara (b) Vidyapati
(c) Zain-ul-Abidin (d) Chintamani

13. Which of the following is NOT part of 'four stage' disaster management approach ?
(a) Recovery (b) Alertness
(c) Mitigation (d) Preparation

14. According to the 2011 census, how many women are there, in per thousand men in U.P. ?
(a) 912 (b) 898
(c) 943 (d) 933

15. If 18th February, 2005 falls on Friday, then what will be the day on 18th February, 2007 ?
(a) Wednesday (b) Sunday
(c) Monday (d) Tuesday

16. In 100 m race, A can beat B by 25 m and B can beat C by 4 m. In the same race A can beat C by
(a) 29 m (b) 21 m
(c) 26 m (d) 28 m

17. From which of the following sites, evidence of water harvesting and management system of Indus Valley Civilization was found ?
(a) Rakhigarhi (b) Dholavira
(c) Lothal (d) Bhirrana

9. संविधान के अनुच्छेद 371A किस राज्य के विशेष दर्जे से सम्बंधित है ?
(a) मणिपुर (b) सिक्किम
(c) नागालैंड (d) असम

10. 'विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2025' के अनुसार विश्व का सबसे प्रसन्न देश निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(a) फिनलैंड (b) अमेरिका
(c) इटली (d) न्यूज़ीलैंड

11. प्राथमिक पूँजी बाजार में
(a) वाणिज्यिक बैंकों से धन जुटाया जाता है
(b) अंशों का क्रय और विक्रय किया जाता है
(c) जनता को पूँजी जारी करते हैं
(d) दीर्घकालिक वित्तीय संस्थानों से धन जुटाया जाता है

12. किस संगीतकार को 'बिहारी बुलबुल' की उपाधि दी गयी ?
(a) बैजू बावरा (b) विद्यापति
(c) जैन-उल-अबिदीन (d) चिन्तामणि

13. निम्न में से कौन 'चार चरणों वाले' आपदा प्रबंधन उपागम का हिस्सा नहीं है ?
(a) रिकवरी (b) सतर्कता
(c) निवारण (d) तैयारी

14. 2011 की जनगणना के अनुसार प्रति हजार पुरुषों पर उत्तर प्रदेश में कितनी स्त्रियाँ हैं ?
(a) 912 (b) 898
(c) 943 (d) 933

15. यदि 18 फरवरी, 2005 को शुक्रवार पड़ता है, तो 18 फरवरी 2007 को कौन-सा दिन होगा ?
(a) बुधवार (b) रविवार
(c) सोमवार (d) मंगलवार

16. एक 100 मीटर की दौड़ में A, B को 25 मीटर से हराता है और B, C को 4 मीटर से हराता है, उसी दौड़ में A, C को हरा सकता है
(a) 29 मीटर से (b) 21 मीटर से
(c) 26 मीटर से (d) 28 मीटर से

17. सिंधु घाटी सभ्यता की जल संचयन और प्रबंधन प्रणाली का प्रमाण निम्नलिखित में से किस स्थल से प्राप्त हुए थे ?
(a) राखीगढ़ी (b) धोलावीरा
(c) लोथल (d) भिर्राणा

18. In which case did the Hon'ble Supreme Court declare that "Secularism" is the basic structure of the Indian Constitution ?
(a) Shankari Prasad vs Union of India
(b) Ahmad Khan vs Shah Bano Case
(c) S. R. Bommai vs Union of India
(d) Gopalan vs State of Madras

19. The backward jerk felt, when a gun is fired, is example of
(a) Newton's first law of motion
(b) Newton's third law of motion
(c) Newton's second law of motion
(d) None of these

20. Which of the following town is a site of the confluence of rivers Alaknanda and Bhagirathi ?
(a) Rudraprayag (b) Vishnuprayag
(c) Karnprayag (d) Devprayag

21. When did the U.P. Government start the 'Zero Poverty Campaign' ?
(a) 02 October 2024
(b) 15 August 2022
(c) 02 October 2023
(d) 15 August 2024

22. Smog is essentially caused by the atmospheric presence of
(a) Oxygen and Ozone
(b) Oxides of Nitrogen and Sulphur
(c) Oxygen and Nitrogen
(d) Ozone and Nitrogen

23. Travelling at $\frac{3}{5}^{th}$ of his usual speed, a man is late by 20 minutes, what is the usual time of the travels with his usual speed ?
(a) 40 minutes (b) 25 minutes
(c) 30 minutes (d) 35 minutes

24. Who among the following presented the Koh-i-noor Diamond to Maharaja Ranjit Singh ?
(a) Shah Shuja (b) Fateh Khan
(c) Dost Mohammad (d) Shah Mahmood

18. माननीय उच्चतम न्यायालय ने किस केस में यह घोषित किया है कि "पंथनिरपेक्षता" भारतीय संविधान का आधारभूत ढांचा है ?
(a) शंकरी प्रसाद बनाम भारतीय संघ
(b) अहमद खान बनाम शाह बानो प्रकरण
(c) एस. आर. बोम्मई बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया
(d) गोपालन बनाम मद्रास राज्य

19. बन्दूक की गोली छोड़ते हैं, तो पीछे की ओर झटका लगता है, उदाहरण है
(a) न्यूटन की गति के प्रथम नियम का
(b) न्यूटन की गति के तृतीय नियम का
(c) न्यूटन की गति के द्वितीय नियम का
(d) इनमें से कोई नहीं

20. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर अलकनन्दा और भागीरथी नदियों का संगम स्थल है ?
(a) रुद्रप्रयाग (b) विष्णुप्रयाग
(c) कर्णप्रयाग (d) देवप्रयाग

21. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'शून्य गरीबी अभियान' कब शुरू किया गया था ?
(a) 02 अक्टूबर 2024
(b) 15 अगस्त 2022
(c) 02 अक्टूबर 2023
(d) 15 अगस्त 2024

22. वातावरण में किसके उपस्थिति के कारण स्मोग बनता है ?
(a) ऑक्सीजन एवं ओज़ोन
(b) नाईट्रोजन और सल्फर के ऑक्साईड
(c) ऑक्सीजन एवं नाईट्रोजन
(d) ओज़ोन एवं नाईट्रोजन

23. अपनी सामान्य चाल से $\frac{3}{5}$ की चाल से चलने पर किसी आदमी को 20 मिनट की देर हो जाती है । यदि वह अपनी सामान्य चाल से चले तो उसे कितना सामान्य समय लगेगा ?
(a) 40 मिनट (b) 25 मिनट
(c) 30 मिनट (d) 35 मिनट

24. निम्न में से किसने महाराजा रणजीत सिंह को कोह-ए-नूर हीरा भेंट किया था ?
(a) शाह शुजा (b) फतेह खाँ
(c) दोस्त मुहमद (d) शाह महमूद

25. Recently Union Minister Mr. Jitendra Singh launched an indigenously AI based multimodel, large language model in New Delhi, is named as
(a) Swadeshi LLM (b) Bharat Gen
(c) Bhasha Setu (d) Bharat AI

26. Which of the following has a broader scope ?
(a) Quality control
(b) Internal control
(c) Internal checking
(d) Internal audit

27. Select the option that is related to the third number in the same way as the second number is related to the first number.
5 : 150 : : 8 : ?
(a) 186 (b) 864
(c) 576 (d) 262

28. What causes rainfall in the coastal areas of Tamil Nadu by the beginning of winter ?
(a) Local air circulation
(b) South west monsoon
(c) North east monsoon
(d) Temperate cyclones

29. The highly salty water of an ocean is converted into pure water in nature by
(a) Water works department
(b) Boiling
(c) Adding chlorine
(d) Water cycle

30. The leakage of which of the following gases caused Bhopal Gas Tragedy in 1984 ?
(a) Nitrogen Oxide
(b) Carbon Monoxide
(c) Ammonia
(d) Methyl Isocyanate

31. What majority is required in Parliament for the creation of new States in India ?
(a) Support from the State from which new State is being created, with two-third majority
(b) Simple majority
(c) A two-third majority
(d) A two-third majority and the support of half of the States

25. हाल ही में केंद्रीय मंत्री श्री जितेन्द्र सिंह ने नई दिल्ली में एक स्वदेशी AI आधारित मल्टीमॉडल, लार्ज लैंग्वेज मॉडल लॉन्च किया, जिसका नाम है
(a) स्वदेशी एल.एल.एम. (b) भारत जेन
(c) भाषा सेतु (d) भारत ए.आई.

26. निम्नलिखित में से किसका दायरा व्यापक है ?
(a) गुणवत्ता नियंत्रण
(b) आन्तरिक नियंत्रण
(c) आन्तरिक जाँच
(d) आन्तरिक लेखा परीक्षा

27. वह विकल्प चुनिये जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से सम्बंधित है ।
5 : 150 : : 8 : ?
(a) 186 (b) 864
(c) 576 (d) 262

28. जाड़े के प्रारंभ में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा किस कारण होती है ?
(a) स्थानीय वायु संचरण
(b) दक्षिण पश्चिम मानसून
(c) उत्तर पूर्वी मानसून
(d) शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात

29. किसी महासागर का अत्यधिक खारा जल प्रकृति में शुद्ध पानी में परिवर्तित हो जाता है
(a) जल कल विभाग द्वारा
(b) उबालने के द्वारा
(c) क्लोरीन मिलाने से
(d) जल चक्र के द्वारा

30. निम्न में से किस गैस के रिसाव से सन् 1984 में भोपाल गैस त्रासदी हो गयी थी ?
(a) नाईट्रोजन ऑक्साईड
(b) कार्बन मोनोऑक्साईड
(c) अमोनिया
(d) मिथाइल आईसोसाइनेट

31. भारत में नए राज्यों के निर्माण हेतु संसद में कौन-सी बहुमत की आवश्यकता पड़ती है ?
(a) 2/3 बहुमत के साथ उस राज्य का समर्थन जिसमे नया राज्य बनाया जा रहा है
(b) साधारण बहुमत
(c) 2/3 बहुमत
(d) 2/3 बहुमत के साथ आधे राज्यों का समर्थन

32. Which of the following as the Governor of Madras, forbade soldiers, to use, caste mark on their forehead or wearing ear rings ?
(a) Lord Dalhousie (b) Lord Hastings
(c) Lord Wellesley (d) William Bentinck

33. 'Operation flood' programme is related to
(a) Vijay Singh (b) Vinoba Bhave
(c) Verghese Kurien (d) Birsa Munda

34. Which country leads in terms of area of lands under organic farming ?
(a) China (b) India
(c) Australia (d) Germany

35. Which one is an activity of the industry ?
(a) Transport companies
(b) Banking institutions
(c) Insurance business
(d) None of the above

36. If the first half of the English alphabet is written in reverse order, then which letter will be 15th from the right ?
(a) A (b) D
(c) C (d) B

37. If price of an article is first increased by 20% and later on the price was decreased by 25% due to reduction in sales, the net percent change in the final price of the article is
(a) Decrease of 10% (b) Decrease of 5%
(c) Increase of 5% (d) Increase of 10%

38. When was the first cotton mill established in India ?
(a) 1798 A.D. (b) 1861 A.D.
(c) 1851 A.D. (d) 1825 A.D.

39. Which of the following cereal group is included in coarse grains ?
(a) Pulse, Oats, Wheat
(b) Rice, Wheat, Sorghum
(c) Sorghum, Millet, Ragi
(d) Corn, Millet, Rice

40. Who led the 'Eka' movement in Avadh ?
(a) Kundan Lal (b) Madari Pasi
(c) Sahjanand (d) Shiv Verma

32. मद्रास का गवर्नर रहते हुए निम्न में से किसने सैनिकों के माथे पर जातीय चिह्न लगाने तथा कान में बालियाँ पहनने से मना कर दिया था ?
(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(c) लॉर्ड वैलेजली (d) विलियम बेंटिंक

33. 'आपरेशन फ्लड' कार्यक्रम सम्बंधित है
(a) विजय सिंह (b) विनोबा भावे
(c) वर्गीज कुरियन (d) बिरसा मुंडा

34. जैविक खेती के तहत भूमि क्षेत्रफल के संदर्भ में कौन-सा देश सबसे आगे है ?
(a) चीन (b) भारत
(c) आस्ट्रेलिया (d) जर्मनी

35. इनमें से कौन-सी गतिविधियाँ उद्योग की है ?
(a) परिवहन कम्पनियाँ
(b) बैंकिंग संस्थान
(c) बीमा व्यवसाय
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के पहले आधे भाग को उल्टे क्रम में लिखा जाये तो दाएँ से 15 वाँ अक्षर कौन-सा होगा ?
(a) A (b) D
(c) C (d) B

37. एक वस्तु का मूल्य पहले 20% बढ़ाया जाता है, तथा बिक्री की कमी के कारण बाद में मूल्य को 25% घटा दिया जाता है । वस्तु के अंतिम मूल्य में शुद्ध प्रतिशत परिवर्तन है
(a) 10% की कमी (b) 5% की कमी
(c) 5% की वृद्धि (d) 10% की वृद्धि

38. भारत में पहली सूती मिल कब स्थापित हुई ?
(a) 1798 ई. (b) 1861 ई.
(c) 1851 ई. (d) 1825 ई.

39. मोटे अनाज में निम्न में से कौन-सा अनाज समूह सम्मिलित है ?
(a) दाल, जई, गेहूँ
(b) चावल, गेहूँ, ज्वार
(c) ज्वार, बाजरा, रागी
(d) मक्का, बाजरा, चावल

40. अवध में 'एका' आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया था ?
(a) कुन्दन लाल (b) मदारी पासी
(c) सहजानंद (d) शिव वर्मा

## Part – II / भाग – II

### हिन्दी

41. आचार्य शंकुक के अनुमितिवाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

I. रस की स्थिति अनुकार्य (मूलपात्र) में होती है ।

II. विभावादि अनुमापक हैं और अनुमाप्य ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) न तो I न ही II सही

(b) केवल I सही

(c) केवल II सही

(d) I एवं II दोनों सही

42. "भाषा उच्चारणों से उच्चरित यादृच्छिक प्रतीकों की वह व्यवस्था है जिसके द्वारा एक समाज के लोग आपस में भावों और विचारों का आदान-प्रदान करते हैं" – यह परिभाषा किसकी है ?

(a) धीरेन्द्र वर्मा

(b) किशोरीदास वाजपेयी

(c) कामता नाथ गुरु

(d) भोलानाथ तिवारी

43. निम्नलिखित में असमान विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) अर्ध विवृत – आ

(b) मध्य स्वर – अ

(c) अग्र स्वर – ए

(d) पश्च स्वर – ऑ

44. दिए गए इंटरव्यू (साक्षात्कार) किस रचनाकार पर आधारित हैं, उनका मिलान कीजिए ।

| साक्षात्कार | रचनाकार |
|---|---|
| A. हाँ! मैंने कहा | 1. केदारनाथ सिंह |
| B. हाले जुबां कुछ और है | 2. रमेश चन्द्र शाह |
| C. समय के साक्षी | 3. नमिता सिंह |
| D. बात से बात | 4. विष्णु प्रभाकर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

45. असंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) पिक - कोयल

(b) बूरा - शक्कर

(c) डीठ - निडर

(d) भंगि - टेढ़ापन

46. "ग्यानहिं भगतहिं अन्तर केता । सकल कहौ प्रभु कृपा निकेता ।।"
'रामचरित मानस' में यह चौपाई किस पात्र ने कही है ?

(a) गरुड़ जी

(b) शिव जी

(c) काकभुसुंडि जी

(d) भारद्वाज जी

47. निम्नलिखित में से सही युग्म का चयन कीजिए ।

(a) दीर्घ स्वर – ऐ

(b) संयुक्त स्वर – ऋ

(c) प्लुत स्वर – अ

(d) ह्रस्व स्वर – उ

48. सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) 'गवीश' शब्द में अयादि सन्धि नहीं है ।

(b) 'दैत्यारि' शब्द में यण् सन्धि है ।

(c) 'विश्वैक्य' शब्द में वृद्धि सन्धि है ।

(d) 'वाण्यूर्मि' शब्द में गुण सन्धि है ।

49. दिए गए संस्मरणों को उनके रचनाकारों से मिलान करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| रचनाकार | संस्मरण |
|---|---|
| A. अमृत राय | 1. चिड़िया रैन बसेरा |
| B. बिन्दु अग्रवाल | 2. अपने–अपने रास्ते |
| C. विद्यानिवास मिश्र | 3. वे देवता नहीं हैं |
| D. रामदरश मिश्र | 4. जिनकी याद हमेशा रहेगी |
| E. राजेन्द्र यादव | 5. यादें और बातें |

कूट :

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| (b) | 4 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 5 | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 5 | 2 | 1 | 3 |

50. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. उद्भट | 1. रीति गुणाश्रित है |
| B. दण्डी | 2. गुण रीति आश्रित है |
| C. आनन्दवर्द्धन | 3. गुण और रीति अभेद है |
| D. वामन | 4. गुण अलंकार है |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

51. नीचे दो कथन दिये गये हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) है और दूसरा कारण (R) है ।

**अभिकथन (A) :** सूफ़ी लोग भगवान को एकेश्वर रूप में नहीं, बल्कि विशिष्ट द्वैतवादी वेदांतियों की तरह मानते थे ।

**कारण (R) :** क्योंकि सूफ़ियों के मतवाद पर वेदांत का प्रत्यक्ष प्रभाव था ।

(a) (A) और (R) दोनों सही तथा अभिकथन कारण से संबंधित है

(b) (A) सही है परंतु (R) गलत

(c) (A) और (R) दोनों सही, परंतु कारण का अभिकथन से कोई संबंध नहीं है

(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही

52. समास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

I. समास में कम से कम दो पदों का योग होता है ।

II. समास में समस्त होने वाले पदों का विभक्ति प्रत्यय लुप्त हो जाता है ।

नीचे दिए गए कूट में सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) न तो I और न ही II सही

(b) केवल I सही

(c) केवल II सही

(d) I एवं II दोनों सही

53. "प्रीतम की यह रीति सखि मोपें कही न जाए ।
झिझकत हू ढिंग ही रहत, पल न वियोग सुहाय ।।"
इस दोहे में शब्द शक्ति है

(a) आर्थी व्यंजना

(b) रूढ़ि लक्षणा

(c) शाब्दी व्यंजना

(d) प्रयोजनवती लक्षणा

54. 'पुहुप बास तें पातरा ऐसा तत्त अनूप ।' यह पंक्ति किस कवि द्वारा लिखित है ?

(a) कबीरदास

(b) तुलसीदास

(c) गोरखनाथ

(d) सरहपा

55. भीष्म साहनी की 'मेरी साहित्यिक यात्रा' किस विधा की रचना है ?

(a) डायरी साहित्य

(b) यात्रा साहित्य

(c) साक्षात्कार (इंटरव्यू)

(d) आत्मकथा

56. "काव्यगुणों की इस विशाल वनस्थली में एक अपना सहज सौंदर्य है । वह उस रमणीय उद्यान के समान नहीं है, जिसका सौंदर्य पद-पद पर माली के कृतित्व की याद दिलाया करता है; बल्कि उस अकृत्रिम वनभूमि की भाँति है, जिसका रचयिता रचना में ही घुल-मिल गया है ।"

'सूरसागर' के संबंध में यह किस आलोचक का मत है ?

(a) डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा

(b) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(c) डॉ. मैनेजर पाण्डेय

(d) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

57. संज्ञा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. लिखावट में समूह वाचक संज्ञा है ।

2. संज्ञा शब्द विकारी होते हैं ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) दोनों असत्य हैं

(b) केवल 1 सत्य है

(c) केवल 2 सत्य है

(d) दोनों सत्य हैं

58. नीचे दो कथन हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** मन के विकार को भाव कहा जाता है ।

**कारण (R) :** रति शृंगार का स्थायी भाव है ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) (A) गलत है किन्तु (R) सत्य है

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(d) (A) सत्य है किन्तु (R) गलत है

**59.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. इंदुमती | 1. बंगमहिला |
| B. प्लेग की चुड़ैल | 2. रामचंद्र शुक्ल |
| C. ग्यारह वर्ष का समय | 3. मास्टर भगवान दास |
| D. दुलाईवाली | 4. किशोरी लाल गोस्वामी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

60. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध कबीर पंथ से नहीं है ?

1. सुरतगोपाली शाखा
2. धर्मदासी
3. भगताही पंथ
4. साधो पंथ

कूट :

(a) केवल 4
(b) केवल 3 और 1
(c) केवल 1
(d) केवल 2 और 3

61. 'मुहावरा-अर्थ' के संदर्भ में सुसंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) हम्मीर हठ – किसी ओर का न रहना
(b) बलिबन्धन – बिना दोष के दण्डित करना
(c) एकलव्य की गुरु भक्ति – कर्तव्य करके मरना
(d) नारद भक्ति – कर्म का पूर्ण ज्ञान होना

62. नीचे दिए गए निबंध और निबंधकार की सूची को सुमेलित करते हुए सही कूट का चुनाव कीजिए ।

| निबंध | निबंधकार |
|---|---|
| A. उत्तर कुरु | 1. डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र |
| B. गौरैया ससुराल गयी | 2. डॉ. विष्णुकांत शास्त्री |
| C. चिन्तन मुद्रा | 3. श्री. कुबेरनाथ राय |
| D. हर बारिश में | 4. डॉ. निर्मल वर्मा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

63. पंडितराज जगन्नाथ को 'पंडितराज' की पदवी किस शासक ने प्रदान की थी ?

(a) औरंगजेब
(b) शाहजहाँ
(c) अकबर
(d) जहाँगीर

64. "... तात्विक दृष्टि से न तो हम इन्हें पूरे अद्वैतवादी कह सकते हैं और न एकेश्वरवादी ।" कबीर के संबंध में यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) आचार्य परशुराम चतुर्वेदी
(b) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(c) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(d) डॉ. रामकुमार वर्मा

65. "बतकहाउ रसमै जु है कवित कहावै सोय" काव्य लक्षण पर विचार करने वाले किस कवि की यह पंक्ति है ?

(a) आचार्य केशवदास
(b) आचार्य चिंतामणि
(c) महाकवि देव
(d) सुरति मिश्र



41

66. "दूसरों के (सुख के) लिए अपने सुखों का त्याग" वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है

(a) आत्मोत्सर्ग

(b) अहैतुक

(c) अन्यमनस्क

(d) अनन्य

67. आचार्य मम्मट ने काव्य के कितने प्रयोजन बताए हैं ?

(a) छः

(b) चार

(c) सात

(d) पाँच

68. विद्यापति को 'मैथिल कोकिल' की उपाधि किस रचना के कारण प्रदान की गयी ?

(a) कीर्तिलता

(b) पदावली

(c) कीर्तिपताका

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. निम्न संस्कृत कृतियों को उनकी विधाओं के साथ मिलान कीजिए ।

| संस्कृत कृति | विधा |
|---|---|
| A. मेघदूत | 1. नाटक |
| B. मालविकाग्निमित्र | 2. त्रोटक |
| C. विक्रमोवर्शीय | 3. खंडकाव्य |
| D. कुमारसंभव | 4. महाकाव्य |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

70. 'भास नाटक चक्र' के नाम से भास के नाटकों को किसने प्रकाशित कराया है ?

(a) म. प्र. हरप्रसाद शास्त्री

(b) ए. डी. पुसलाकर

(c) ए. बी. कीथ

(d) टी. गणपति शास्त्री

71. समांतर कहानी आंदोलन कब प्रारंभ हुआ ?

(a) 1982 ई.

(b) 1960 ई.

(c) 1968 ई.

(d) 1972 ई.

72. "वे (हिंदू) कला के अत्यंत उच्च सौपान पर आरोहण कर चुके हैं । हमारे लोग (मुसलमान) जब उन्हें (मंदिर आदि को) देखते हैं, तो आश्चर्य चकित रह जाते हैं । वे न तो उसका वर्णन ही कर सकते हैं न वैसा निर्माण कर सकते हैं ।" यह कथन किस विद्वान का है ?

(a) अब्दुर रज्जाक

(b) अलसमुदी

(c) अलबरूनी

(d) इब्नबतूता

73. राजभाषा को किस वर्ष के अधिनियम के तहत केंद्र सरकार के कार्यालयों को तीन वर्गों में बाँटा गया ?

(a) 1955 ई.

(b) 1963 ई.

(c) 1976 ई.

(d) 1967 ई.

74. 'आज' का तत्सम शब्द कौन-सा है ?

(a) अग्रज

(b) अद्यावधि

(c) वर्तमान कालिक

(d) अद्य

75. "हमारे सामने समाज का आज जो रूप है, वह न जाने कितने ग्रहण और त्याग का रूप है । देश और जाति की विशुद्ध संस्कृति केवल बात-की बात है । सब कुछ में मिलावट है, सब कुछ अविशुद्ध है । शुद्ध है केवल मनुष्य की दुर्दम जिजीविषा, (जीने की इच्छा)" उपर्युक्त कथन किस निबन्ध का है ?

(a) अशोक के फूल

(b) भारतीय साहित्य की विशेषताएँ

(c) छितवन की छाँह

(d) काव्य कला और अन्य निबंध

76. बोलते समय शब्द के उच्चारण की स्पष्टता तथा उसके अर्थ की स्पष्टता हेतु प्रयुक्त बल को भाषा विज्ञान में क्या कहा जाता है ?

(a) ध्वनि

(b) संगम

(c) अनुतान

(d) बलाघात

77. प्रस्थानजयी में सम्मिलित हैं

(a) उपनिषद, गीता और ब्रह्मसूत्र

(b) उपनिषद, गीता और वेद

(c) उपनिषद, पुराण और वेद

(d) वेद, पुराण और ब्रह्मसूत्र

78. भरतमुनि ने अपभ्रंश को किस नाम से सम्बोधित किया है ?

(a) अपभ्रष्टभाषा

(b) अवहट्ट

(c) देशभाषा

(d) जनभाषा

79. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. सोना | 1. कुंभिल |
| B. विष्णु | 2. हेम |
| C. चोर | 3. लोकेश |
| D. ब्रह्मा | 4. मुकुंद |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

80. 'मेरी कालिज डायरी' के लेखक कौन हैं ?

(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(b) श्रीराम शर्मा

(c) घनश्याम दास बिड़ला

(d) धीरेन्द्र वर्मा

81. सात्विक अनुभाव के अंतर्गत नहीं है

(a) वैवर्ण्य

(b) स्तंभ

(c) स्वरभंग

(d) स्वप्न

82. 'झक-झख' समोच्चरित भिन्नार्थक शब्द युग्म का सही अर्थ युग्म विकल्प है

(a) पाटन – कृत्रिम जलमार्ग

(b) झुकाव – लपट

(c) शीघ्र – द्यूत

(d) सनक – तुच्छ कार्य

83. डॉ. रामकुमार वर्मा ने निम्नलिखित में से किस ग्रंथ को आधुनिक साहित्य सम्पत्ति का 'बीजक' ग्रंथ कहा है ?

(a) हिंदी साहित्य की रूपरेखा – डॉ. सूर्यकांत

(b) हिंदी साहित्य का इतिहास – आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(c) हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास – डॉ. रामकुमार वर्मा

(d) हिंदी पुस्तक साहित्य – डॉ. माताप्रसाद गुप्त

84. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| सूची – I (कवि) | सूची – II (निवास स्थान) |
|---|---|
| A. चिंतामणि | 1. कालपी |
| B. सुखदेव मिश्र | 2. दौलतपुर |
| C. श्रीपति | 3. तिकवाँपुर |
| D. मंडन | 4. जैतपुर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

85. "अहा विचारे दुःख के मारे निसिदिन पच-पच मरें किसान ।
जब अनाज उत्पन्न होय तब सब उठवा ले जायँ लगान ।।"
उक्त पंक्तियाँ किस रचनाकार की हैं ?

(a) लालचंद गुप्त

(b) बालमुकुन्द गुप्त

(c) मैथिलीशरण गुप्त

(d) सियारामशरण गुप्त

86. दिए गए कथनों पर संस्कृत व्याकरण के सन्दर्भ में विचार करते हुए सत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए ।

I. दीर्घ संधि में जिन वर्णों के उच्चारण और आभ्यंतर प्रत्यत्न समान हैं वे परस्पर सवर्ण कहे जाते हैं ।

II. हितोपदेश की संधि 'यण् संधि' है ।

III. सरयूर्मि: का संधि-विच्छेद सरयू + उर्मि: होगा ।

IV. महोत्सव: गुण संधि का उदाहरण है ।

(a) केवल IV

(b) केवल I, III, IV

(c) केवल II, III, IV

(d) केवल I, IV

87. "सुमित्रानंदन पंत का सम्पूर्ण व्यक्तित्व गीतिमय है । वे मूलत: गीतिकाव्य के कवि है ।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी

(b) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी

(c) डॉ. नगेन्द्र

(d) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

17218848

88. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके प्रकाशन स्थान से मिलान करते हुए सही कूट का चुनाव कीजिए ।

| | |
|---|---|
| A. भारत बन्धु | 1. फर्रुखाबाद |
| B. भारत मित्र | 2. काशी |
| C. भारत सुदशा प्रवर्तक | 3. अलीगढ़ |
| D. भारत जीवन | 4. कलकत्ता |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

89. जिन स्वरों का उच्चारण नाक और मुँह से होता है और उच्चारण में लघुता रहती है, उसे क्या कहा जाता है ?

(a) अनुस्वार

(b) नासिक

(c) अनुनासिक

(d) निरनुनासिक

90. 'शमशेर बहादुर की काव्यभाषा में संज्ञापदों से अधिक महत्व सर्वनाम और क्रियापदों का है ।' यह कथन किसका है ?

(a) डॉ. राम विलास शर्मा

(b) डॉ. रामकुमार वर्मा

(c) बाबू गुलाब राय

(d) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी

91. लोकोक्ति–अर्थ के सन्दर्भ में असंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) साँच को आँच नहीं – सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं ।

(b) कबहुँ निरामिष होय न कागा – अधिक लालची को कुछ भी नहीं मिलता ।

(c) एक तन्दुरुस्ती हजार नियामत – स्वास्थ्य बहुत बड़ी चीज है ।

(d) खग जाने खग ही की भाषा – चालाक ही चालाक की भाषा समझता है ।

92. "राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है ।
कोई कवि बन जाय सहज संभाव्य है ।" – के रचयिता है

(a) सोहनलाल द्विवेदी

(b) मैथिलीशरण गुप्त

(c) शिवमंगल सिंह सुमन

(d) श्याम नारायण पाण्डेय

93. "एको रस: करुण एव निमित्तभेदाद् भिन्न: पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान् ।" उपर्युक्त श्लोक किस संस्कृत ग्रंथ से उद्धृत है ?

(a) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(b) महावीर चरितम्

(c) मालती माधवम्

(d) उत्तररामचरितम्

94. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. राजशेखर | 1. प्रियदर्शिका |
| B. विश्वनाथ | 2. प्रभावती परिणय |
| C. श्री हर्ष | 3. विद्दशाल भंजिका |
| D. दण्डी | 4. दशकुमार चरित |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

95. नीचे दिए गए काव्य हेतु से संबंधित पंक्तियों को उनके रचनाकार से मिलान करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| | |
|---|---|
| A. न विद्यते पूर्ववासना गुणानुबन्धी प्रतिभानमद्भुतम | 1. जयदेव |
| B. प्रति भैव च कवीनां काव्यकारणकारणम् | 2. मम्मट |
| C. प्रति भैव श्रुतभ्याससहिता कवितां प्रति | 3. दण्डी |
| D. शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात् | 4. हेमचंद्र |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

96. "लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इन्डिया" पुस्तक के लेखक का नाम है

(a) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन

(b) सैमुअल केलाग

(c) जूल ब्लाक

(d) जॉन बीम्स

97. 'नाक पर मक्खी न बैठने' देने का अर्थ है

(a) निर्दोष बचे रहना

(b) तंग करना

(c) बोलने से रोकना

(d) विरोध में खड़ा होना

98. "अज्ञेय और उनके सहयोगी कवि शमशेर बहादुर सिंह बात के कवि हैं, गजानन माधव 'मुक्तिबोध' खबर के या भयानक बात के ।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) डॉ. निर्मला जैन

(b) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी

(c) डॉ. नामवर सिंह

(d) डॉ. रामविलास शर्मा

99. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना नाट्य विधा के अंतर्गत नहीं है ?

(a) बूँद और समुद्र

(b) अंगूर की बेटी

(c) सिन्दूर की होली

(d) कामना

100. " 'कविवचन सुधा' जनता के हितों के लिए लड़ने वाले निर्भय सैनिक की तरह थी ।" यह किसका कथन है ?

(a) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(b) श्री अम्बिका प्रसाद वाजपेयी

(c) श्री रामरतन भटनागर

(d) डॉ. रामविलास शर्मा

101. "यदि 'भारत दुर्दशा' पहला राजनीतिक नाटक है तो 'अंधेर नगरी' पहला आधुनिक नाटक ।" भारतेन्दु युगीन नाटकों के सन्दर्भ में यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) नेमिचंद जैन

(b) दशरथ ओझा

(c) जयदेव तनेजा

(d) बच्चन सिंह

102. 'अधिहरि' शब्द में कौन-सा समास है ?

(a) अव्ययीभाव:

(b) तत्पुरुष:

(c) द्वन्द्व:

(d) बहुव्रीहि:

103. निम्नलिखित काव्यग्रंथों के प्रकाशन वर्ष को ध्यान में रखते हुए आरोही क्रम में सही कूट का चयन कीजिए :

I. उच्छ्वास

II. वीणा

III. गुंजन

IV. पल्लव

कूट :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | II | IV | I | III |
| (b) | IV | II | I | III |
| (c) | I | II | IV | III |
| (d) | II | IV | III | I |

104. निम्नलिखित में से किस विकल्प में भास ने महाभारत की कथा को आधार बनाया है ?

(a) कर्णभारम्, पञ्चरात्रम, स्वप्नवासवदत्ता, दरिद्रचारुदत्तम

(b) पञ्चरात्रम्, दूतवाक्यम, कर्णभारम्, दूतघटोत्कचम

(c) कर्णभारम्, दूतवाक्यम, पञ्चरात्रम, स्वप्नवासवदत्ता

(d) कर्णभारम्, दूतवाक्यम, पञ्चरात्रम, दरिद्रचारुदत्तम

105. महादेवी के रेखाचित्रों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

I. स्मृति की रेखाएँ

II. पथ के साथी

III. मेरा परिवार

IV. अतीत के चलचित्र

कूट :

(a) IV I III II

(b) I II III IV

(c) IV I II III

(d) IV II III I

106. 'हिंदी कोविद रत्नमाला' के लेखक कौन है ?

(a) ब्रजरत्नदास

(b) श्यामसुंदर दास

(c) शिवनन्दन सहाय

(d) राधाकृष्ण दास

107. पत्रिका-प्रकाशन स्थान के संबंध में असंगत युग्म का चयन कीजिए ।

(a) ऊर्जा – प्रयाग

(b) अग्रहायण – लखनऊ

(c) विज्ञानलोक – आगरा

(d) किसान भारती – पंतनगर

108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'हरिश्चंद्र मैगज़ीन' में 'कलिराज की सभा' लेख छपा था ।

2. 'कलिराज की सभा' मुंशी ज्वाला प्रसाद का लेख है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) न तो 1 न ही 2

(b) केवल 1

(c) केवल 2

(d) 1 एवं 2 दोनों

109. मधु कांकरिया का उपन्यास 'खुले गगन के लाल सितारे' किस विषय पर केन्द्रित है ?

(a) भारतीय किसान जीवन

(b) नक्सलवादी आंदोलन

(c) वेश्याओं का जीवन

(d) जैन साध्वियों का जीवन

110. निम्नलिखित में असत्य है

(a) अभिज्ञानशाकुन्तलम् – 8 अंक

(b) कुमारसम्भवम् – 17 सर्ग

(c) मृच्छकटिकम् – 10 अंक

(d) रत्नावली – 4 अंक

111. पत्र-प्रकाशन वर्ष के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) काशीपंच – 1876 ई.

(b) उचित वक्ता – 1888 ई.

(c) नविन वाचक – 1881 ई.

(d) हिन्दोस्तान – 1885 ई.

112. कचहरियों में नागरी के प्रयोग की घोषणा कब हुई थी ?

(a) सं. 1900

(b) सं. 1957

(c) सं. 1950

(d) सं. 1946

113. 'सरिता' शब्द रूप के संबंध में सही विकल्प है

(a) सरित् (स्त्रीलिंग) प्रथमा, बहुवचन

(b) सरित् (स्त्रीलिंग) षष्ठी, एकवचन

(c) सरित् (स्त्रीलिंग) चतुर्थी, एकवचन

(d) सरित् (स्त्रीलिंग) प्रथमा, एकवचन

114. निम्न प्रदत्त कथनों पर विचार करते हुए सही कथन/कथनों का चयन कीजिए ।

I. 'क ख ग' पत्रिका के संपादकों में लक्ष्मीकांत वर्मा, रामस्वरूप चतुर्वेदी, विपिन अग्रवाल और कृष्णनाथ थे ।

II. नरेश मेहता और श्रीकांत वर्मा ने 'अभिप्राय' पत्रिका का सम्पादन किया है ।

III. इला डालमिया ने 'नया प्रतीक' पत्रिका का सम्पादन किया है ।

IV. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने 'दस्तावेज' का संपादन किया है ।

V. 'पहल' पत्रिका के संपादक ज्ञानरंजन भोपाल से निकालते थे ।

कूट :

(a) केवल II

(b) केवल II, V, III

(c) केवल I, III, IV

(d) केवल III, IV, V

115. संस्कृत व्याकरण के सन्दर्भ में किस समास को तत्पुरुष का भेद माना जाता है ?

(a) द्वन्द्व और बहुव्रीहि

(b) अव्ययीभाव और द्वन्द्व

(c) कर्मधारय और द्विगु

(d) द्विगु और द्वन्द्व

116. '[illegible]' में कौन-सी सन्धि है ?

(a) अच्सन्धि

(b) विसर्गसन्धि

(c) हल्सन्धि

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

117. वियोगी हरि ने 'हिंदी का गीत गोविंद' किस ग्रंथ को कहा है ?

(a) जोगलीला

(b) सूरसागर

(c) रासपंचाध्यायी

(d) भावविभावनी

118. वैदिक शब्दों के संग्रह ग्रंथ या कोश को क्या कहते हैं ?

(a) काशिका

(b) निघण्टु

(c) निरुक्त

(d) आह्निक

119. निम्नलिखित रचनाओं को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार आगामी क्रम में व्यवस्थित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

I. नूतन ब्रह्मचारी

II. सौ अजान एक सुजान

III. अधखिला फूल

IV. ठेठ हिन्दी का ठाट

दिए गए कूट में सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) III II I IV

(b) I II III IV

(c) IV III II I

(d) I II IV III

120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सही कथन का चयन कीजिए ।

(a) कभी-कभी उपसर्गों के साथ जुड़े रहने पर धातु के पद में परिवर्तन नहीं होता है ।

(b) उभयपदी धातुओं का प्रयोग करते समय यदि क्रिया का फल कर्ता को मिलता है तो आत्मनेपद का रूप प्रत्युक्त है ।

(c) आत्मनेपद का अर्थ अपनी आत्म से दूसरे के लिए प्रयोग किया गया है ।

(d) 'कृ' धातु उभयपदी है । 'वि' उपसर्ग के साथ यह परस्मैपद में प्रयुक्त हो जाता है ।